## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 11.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री ने देशवासियों से पेट्रोल–डीजल और गैस बचाने की अपील की, विदेशी मुद्रा बचाने के लिए एक साल तक सोना नहीं खरीदने का किया आग्रह।

2. केंद्र सरकार ने रांची नगर निगम के जीआइएस आधारित एसेट मैपिंग कार्य की सराहना की, झारखंड को पांच करोड़ की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

3. झारखंड में अवैध बालू खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए खान विभाग की सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ आज होगी बैठक।

4. लातेहार रेलवे स्टेशन पर रांची–नई दिल्ली–रांची राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव का हुआ शुभारंभ, स्थानीय यात्रियों को मिलेगी सीधी रेल सुविधा।

और

5. शंघाई में आयोजित तीरंदाजी विश्व कप स्टेज–टू में भारतीय महिला रिकर्व टीम ने जीता स्वर्ण पदक, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने दी बधाई।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्तमान पश्चिम–एशिया युद्ध से उत्पन्न वैश्विक संकट में पेट्रोल, गैस और डीजल के इस्तेमाल पर संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल विदेशी मुद्रा की बचत होगी, बल्कि पश्चिम एशिया युद्ध के असर को भी कम किया जा सकेगा। उन्होंने कल हैदराबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि आज हमें मीटिंग के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और वर्क फ्रॉम होम जैसे उपायों की अधिक जरूरत है।

प्रधानमंत्री ने मौजूदा संकट को देखते हुए विदेशी मुद्रा बचाने के लिए देशवासियों से एक साल तक सोना नहीं खरीदने की अपील है।

**********************

रांची नगर निगम ने शहरी विकास और डिजिटल प्रशासन की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नगर निगम द्वारा किए गए **जीआइएस** आधारित **एसेट मैपिंग** कार्य के कारण केंद्र सरकार ने झारखंड को पांच करोड़ की प्रोत्साहन राशि दी है। बता दें कि रांची नगर निगम ने सभी शहरी परिसंपत्तियों की डिजिटल मैपिंग का कार्य पूरा किया है। इसमें नगर निगम की जमीन, भवन, बाजार, कार्यालय, बस टर्मिनल, सामुदायिक भवन और अन्य सार्वजनिक संपत्तियों को जीआइएस प्लेटफॉर्म पर डिजिटल रूप से दर्ज और मैप किया गया।

**********************

प्रदेश भाजपा के आह्वान पर सभी जिलों में पानी और बिजली संकट को लेकर 12 मई को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया जायेगा। इसे लेकर विभिन्न जिलों में पार्टी पदाधिकारियों की आयोजित बैठक में दिशा–निर्देश जारी किया गया। रांची में आयोजित बैठक में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रदर्शन और पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की। श्री मरांडी ने कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने को लेकर मार्गदर्शन भी दिया।

**********************

झारखंड में अवैध बालू खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए खान विभाग आज सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक करेगा। बालू घाटों का संचालन लंबित रहने और अवैध कारोबार बढ़ने की शिकायतों के मददेनजर खान सचिव अरवा राजकमल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक बुलाई है। बैठक

में जिला खनन पदाधिकारियों, बीडीओ और सफल बोलीदाताओं को भी शामिल होने का निर्देश दिया गया है। जानकारी के अनुसार राज्य के 16 जिलों में 229 बालू घाटों की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन अबतक संचालन शुरू नहीं हो पाया है।

**********************

सांसद काली चरण सिंह ने कल लातेहार रेलवे स्टेशन पर रांची–नई दिल्ली–रांची राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव का शुभारंभ किया। रांची–नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस प्रत्येक रविवार को लातेहार स्टेशन पर रुकेगी, जबकि नई दिल्ली–रांची राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव प्रत्येक शनिवार को होगा। इस सुविधा से लातेहार और आसपास के यात्रियों को राजधानी एक्सप्रेस से सफर करने में सहूलियत मिलेगी।

**********************

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना में पारदर्शिता लाने और केवल पात्र महिलाओं को लाभ देने के लिए भौतिक सर्वे कराने का निर्णय लिया है। इसके तहत आज से 18 मई तक पंचायत और वार्ड स्तर पर भौतिक सत्यापन किया जायेगा। इसके बाद 19 से 24 मई तक रिपोर्ट संकलन और अपात्र लोगों को नोटिस भेजा जायेगा। 29 मई तक आपत्तियों के निराकरण के बाद अंतिम रिपोर्ट जिला मुख्यालय को भेजी जायेगी।

**********************

खूंटी पुलिस प्रशासन ने पंजाब के जलंधर में डेढ़ वर्ष से बंधुआ मजदूर बनाकर रखे गये सनिका पूर्ति और उसके परिवार को सकुशल मुक्त करा लिया है। इस बचाव अभियान में समाजसेवी लक्ष्मी बाखला का सहयोग रहा। खूंटी महिला थाना प्रभारी फुलमनी टोप्पो ने बताया कि सनिका पूर्ति को जालंधर में बंधक बनाकर मजदूरी कराई जा रही थी।

**********************

झारखंड सीआईडी ने साइबर ठगी के मामले में उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर से आरोपी ब्रजेश सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश का झांसा देकर आठ करोड़ 52 लाख रुपये की ठगी करने का आरोप है। सीआईडी के अनुसार आरोपी लोगों को फर्जी वेबसाइट पर नकली मुनाफा दिखाकर निवेश के नाम पर रकम जमा करवाता था।

**********************

मौसम विभाग ने झारखंड में मई के महीने में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान जताया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है।

**********************

शंघाई में आयोजित तीरंदाजी विश्व कप स्टेज–2 में भारतीय महिला रिकर्व टीम ने स्वर्ण पदक जीता है। इस उपलब्धि पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भारतीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि झारखंड की दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और कुमकुम अनिल मोहोद ने मेजबान चीन को हराकर देश को गौरवान्वित किया है। अन्नपूर्णा देवी ने खिलाड़ियों की मेहनत, समर्पण और प्रतिभा को देश की बेटियों के लिए प्रेरणादायी बताया।

**********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने देशवासियों से **प्रधानमंत्री की** पेट्रोल–डीजल और गैस के उपयोग पर नियंत्रण रखने और एक साल तक **सोना** नहीं खरीदने की अपील को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है। इसके अलावा...

**हिन्दुस्तान** ने राज्य के 168 शहरी एसएचसी में प्रसव की सुविधा की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर ने** रांची के कोकर स्थित खोरहाटोली से 18 माह की बच्ची के लापता होने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– राज्य में नमक की कालाबाजारी पर सरकार सख्त, होगी जांच।

**दैनिक जागरण ने** 21 बच्चों के साथ मानव तस्कर की गिरफ्तारी की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

*******समाप्त**************